संपादकीय

सतर्कता से अनलॉक

पहली लहर के खात्मे और टीकाकरण अभियान की शुरुआत के बाद सार्वजनिक जीवन में नागरिकों के स्तर पर और भविष्य की तैयारी को लेकर सरकारों के स्तर पर जो चूक हुई, उसकी पुनरावृत्ति नहीं की जानी चाहिए। भले ही देश में कोरोना संक्रमण का आंकड़ा एक लाख से कम हो गया है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि यह आंकड़ा बीते सितंबर में पहली लहर के शिखर के आसपास ही है। ऐसे में हमें पिछली चूक को दोहराने से बचने की जरूरत है। हमने बीते अप्रैल-मई में व्यवस्था की विसंगतियों तथा सामाजिक स्तर पर लापरवाही का खमियाजा भुगता है। ऐसे में जब कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र और दिल्ली समेत कई राज्यों में अनलॉकिंग की प्रक्रिया शुरू हुई है तो हमें बुरे अनुभवों के सबक जरूर सीखने चाहिए। यह समझते-बूझते हुए कि देश में कोरोना संकट अभी टला नहीं है। कोरोना की लड़ाई में विशेषज्ञ राय देने वाले एम्स दिल्ली के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया और नीति आयोग के सदस्य वी.के. पॉल कह रहे कि भविष्य में आने वाली संक्रमण की लहर की आशंकाओं को दूर करने में कोविड-रोधी व्यवहार की बड़ी भूमिका रहेगी। वही बातें जो पिछले सवा साल से दोहरायी जा रही हैं कि ठीक से मास्क पहनें, शारीरिक दूरी और भीड़ से बचाव। ये सावधानी कुछ समय और हमें अपनानी होगी, जब तक कि लक्षित आबादी का टीकाकरण नहीं हो जाता। अच्छा होगा जहां एक नागरिक के रूप में हमारी सजगता बनी रहे, वहीं सरकार के स्तर पर भविष्य में किसी चुनौती के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार व सुधार को प्राथमिकता बनाया जाये। साथ ही परीक्षण व टीकाकरण को तेजी प्रदान की जाये। कोशिश हो कि सार्वजनिक स्थलों पर एंटीजन टेस्ट की सुविधा सरलता से उपलब्ध हो सके। इससे हम कोविड-पॉजिटिव लोगों को समय रहते अलग करके संक्रमण के जोखिम को कम कर सकते हैं। साथ ही बेहद सावधानी से राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों को अनुमति देनी होगी, ताकि वे सुपर स्प्रेडर्स की भूमिका न निभा सकें।

निस्संदेह, एक साल से अधिक समय से हम सामान्य जीवन नहीं जी पाये हैं। अर्थव्यवस्था पटरी से उतरी है। करोड़ों लोगों के रोजगार पर संकट मंडराया है। ऐसे में हमारा सामाजिक व्यवहार जीवन को सामान्य बनाने के लिये जिम्मेदारी वाला होना चाहिए। हमें खुद ही बड़ी भीड़-भाड़ वाले मॉल व बाजारों में जाने में सतर्कता बरतनी होगी। हमें इन्हीं परिस्थितियों में जीवन को सामान्य बनाने की कोशिश करनी होगी। यह अच्छी बात है कि हम सीमित संसाधनों के बावजूद कोरोना की दूसरी लहर से उबर रहे हैं। याद रहे कि दुनिया की एक नंबर की महाशक्ति तमाम संसाधनों व आधुनिक चिकित्सा सुविधा के बावजूद कोरोना संक्रमण और मौतों के मामले में हम से आगे है। सरकारों का दायित्व तो पहले है ही, एक नागरिक के रूप में हमारा व्यवहार भी जिम्मेदारी वाला होना चाहिए। अनलॉक की प्रक्रिया में जैसी भीड़ बाजारों में उमड़ रही है और लोग जिस तरह सावधानी में चूक रहे हैं, वह चिंता बढ़ाने वाली है। निस्संदेह लंबे अर्से से जीवन में घुटन है, आर्थिक चिंताएं हैं, लेकिन थोड़ा और धैर्य भी जरूरी है। दिल्ली में बाजारों और शॉपिंग मॉल्स को ऑड-ईवन आधार पर खोलने की इजाजत सार्थक कदम है। मेट्रो का पचास फीसदी क्षमता के साथ खुलना भी अच्छा है। कोरोना संकट की सबसे बड़ी मार झेलने वाले महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण की स्थिति को पांच स्तर पर बांटना सार्थक पहल है। पहले वर्ग में कम संक्रमण के आधार पर सबसे ज्यादा व लेबल पांच के आधार पर सबसे कम छूट दी गई है। लंबे समय से घरों में बंद और रोजगार संकट से जूझ रहे लोगों के लिये यह राहतकारी जरूर है, मगर सावधानी फिर भी जरूरी है। ऐसे में जब दूसरी लहर पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और विशेषज्ञ तीसरी लहर की आशंका जता रहे हैं, अतिरिक्त सावधानी में ही भलाई है। हमारा आगे का जीवन जल्दी से जल्दी सामान्य होना, हमारी सावधानी तथा इस दौरान हम टीकाकरण के लक्ष्य कितनी तेजी से हासिल करते हैं, पर ही निर्भर करेगा।

महंगाई के आंकड़ों का रहेगा बाजार पर असर

मुंबई। कोविड-19 के मामलों में पिछले करीब एक महीने से जारी गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह लगातार चौथी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गयी और ये नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। आने वाले सप्ताह में महामारी के संक्रमण और टीकाकरण की रफ्तार के साथ ही महंगाई के आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। मई की खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को जारी होने हैं। ईंधनों की कीमतों में रही तेजी के कारण मई में महंगाई दर में वृद्धि का अनुमान है।

इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का भी बाजार पर असर दिखेगा। दो दिवसीय बैठक के बाद बुधवार को फेड मौद्रिक नीति पर बयान जारी करेगा।

बीते सप्ताह पांच में से तीन कारोबारी दिवस सेंसेक्स में तेजी रही जबकि मंगलवार और बुधवार को गिरावट देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 374.71 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,474.76 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 129.10 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ शुक्रवार को कारोबार की समाप्ति पर 15,799.35 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर और अधिक रहा। इनमें बुधवार को छोड़ शेष चार दिन बढ़त के रहे। बीएसई का मिडकैप 416.34 अंक यानी 1.85 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ सप्ताहांत पर 22,927.83 अंक और स्मॉलकैप 854.40 अंक यानी 3.52 प्रतिशत चढ़कर 25,116.30 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

अब आपकी व्हाट्सएप चैट नए लुक में आएगी नजर, कंपनी ने किए इंटरफेस में बदलाव

नई दिल्ली। इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप व्हाट्सएप धीरे-धीरे अपने लुक में परिवर्तन कर रहा है। कुछ दिन पहले नोटिफिकेशन ढ्ढ का कलर बदलने के बाद अब व्हाट्सएप ने अपने एंड्रॉइड बीटा यूजर्स के लिए यूजर इंटरफेस में कुछ बदलाव किए हैं। बीटा टेस्टिंग कर रहे एंड्रॉइड यूजर्स को अब व्हाट्सएप चैट नए रूप में दिखाई देगी। कंपनी ने चैट लिस्ट में से हर चैट को बिभाजित करने वाली लाइन हटा दी है। व्हाट्सएप की रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक बहुत छोटा सा बदलाव है, जिससे ऐप के ओवरऑल लुक में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। फिलहाल बीटा वर्जन के जरिए कंपनी इस फीचर की टेस्टिंग कर रही है। व्हाट्सएप इस बदलाव को धीरे-धीरे बीटा यूजर्स के लिए भी जारी कर रहा है।

इसके अलावा व्हाट्सएप एक अन्य फीचर पर भी काम कर रहा है, जिससे आपकी पर्सनल चैट पहले से ज्यादा सुरक्षित हो जाएगी। रिपोर्ट की मानें तो चैट बैकअप के लिए भी एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन जारी करने जा रहा है। यह फीचर गूगल ड्राइव पर स्टोर यूजर्स के व्हाट्सएप चैट बैकअप को पासवर्ड से प्रोटेक्ट करने के लिए है। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म एंड्रॉइड और आईओएस दोनों के लिए इस फीचर को टेस्ट कर रहा है।

कोरोना वैक्सीन पर जीएसटी में कमी नहीं

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद में कोरोना वैक्सीन पर जीएसटी को पांच फीसदी पर यथावत रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज हुई जीएसटी परिषद की 44 वी बैठक में वैक्सीन पर जीएसटी को कम करने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका।

वित्त मंत्री ने बैठक के बाद कहा कि सभी देशवासियों के लिए केंद्र सरकार वैक्सीन की खरीद कर राज्यों को दे रही है इसलिए जीएसटी दर को लेकर के किसी को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। इस पर जीएसटी की दर यथावत है।

उल्लेखनीय है कि घरेलू स्तर पर अभी दो वैक्सीन का निर्माण हो रहा है जिस पर 5प्रतिशत जीएसटी लगता है।

अंडर-डिस्पले कैमरा के साथ फ्लैगशिप फोन का अनावरण कर सकती है श्याओमी

बीजिंग। स्मार्टफोन ब्रांड श्याओमी ने श्याओमी मी 11 अल्ट्रा के समान क्षमता वाला एक फ्लैगशिप लॉन्च करने की योजना बनाई है, जिसमें अल्ट्रा-वाइड बैंड (यूडब्ल्यूबी) ट्रैकिंग तकनीक और एक अंडर-डिस्पले सेल्फी कैमरा हो सकता है। जीएसएमएरिना की रिपोर्ट के अनुसार, यूडब्ल्यूबी को पहले से ही एप्पल और सैमसंग दोनों के नवीनतम फ्लैगशिप डिवाइसों में चित्रित किया गया है।

सैमसंग स्मार्टटैग और एप्पल एयरटैग दोनों क्रमशः गैलेक्सी एस21 और आईफोन 12 का उपयोग करके सटीक ट्रैकिंग के लिए इस तकनीक का उपयोग करते हैं।

श्याओमी यूडब्ल्यूबी - संगत, ट्रैक करने योग्य एक्सेसरीज पेश करने की योजना बना सकता है।

हाल के कार्यान्वयन में, अंडर-डिस्पले कैमरा अभी भी आदर्श नहीं है, क्योंकि एक डिस्पले अभी तक पारदर्शी नहीं है, जिससे प्रकाश गुजर सके। हालांकि, गूगल का एक हालिया पेटेंट स्विचिंग प्रिज्म का उपयोग करके इसे हल किया जा सकता है।

श्याओमी के फ्लैगशिप में मी 11 अल्ट्रा की तरह ही प्रभावशाली कैमरा सेटअप होने की उम्मीद है। इसके अलावा, डिवाइस में 70 वॉट फास्ट-वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट के साथ 120 वॉट वायर्ड फास्ट-चार्जिंग की सुविधा हो सकती है।

जून में, श्याओमी इंडिया ने घोषणा की थी कि उसकी मी 11एक्स सीरीज के उपकरणों ने लॉन्च के केवल 45 दिनों में 300 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है।

मी 11एक्स और मी 11एक्स प्रो दोनों में शानदार कैमरे, नवीनतम फ्लैगशिप स्नैपड्रैगन 870 और 888 सीरीज चिपसेट, शक्तिशाली डॉल्बी स्टीरियो स्पीकर, 120 हॉर्ट्ज ई4 सुपर एएमओएलईडी डिस्पले और फास्ट चार्जिंग क्षमताएं हैं, जिसका उद्देश्य एक प्रीमियम स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करना है।

लगातार दो दिन बढ़ने के बाद रविवार को स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली। पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार दो दिन बढ़ने के बाद रविवार को रिकॉर्ड स्तर पर स्थिर रहे। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 96.12 रुपये और डीजल 86.98 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। दिल्ली में मई महीने के दौरान पेट्रोल 3.83 रुपये और डीजल 4.42 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ था। जून में अब तक पेट्रोल की कीमत 1.89 रुपये और डीजल की कीमत 1.83 रुपये बढ़ चुकी है।

अन्य शहरों में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 102.30 रुपये और डीजल की कीमत 94.39 रुपये प्रति लीटर पर पर रही।

चेन्नई में पेट्रोल 97.43 रुपये और डीजल 91.64 रुपये प्रति लीटर के भाव बिका। कोलकाता में एक लीटर पेट्रोल 96.06 रुपये का और डीजल 89.83 रुपये का मिला।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

सोडा पीने की आदत कमजोर कर सकती है इम्युनिटी, जानिए कैसे

गर्मियों के मौसम में ज्यादातर लोग किसी अन्य ड्रिंक के मुकाबले सोडा पीना ज्यादा पसंद करते हैं. इसमें कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं. इसे रोजाना पीने से सिर्फ वजन नहीं बढ़ता है बल्कि हृदय और इम्यून सिस्टम भी प्रभावित होता है.

- **बैड बैक्टीरिया को बढ़ता है-** 350 मिली लीटर सोडा में 39 ग्राम चीनी होती है. इसका अधिक मात्रा में सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है. चीनी बैक्टीरिया और वायरस को बढ़ाने का काम करता है. साथ ही आपकी इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है.
- **संक्रमण को बढ़ाता है-** सोडा पीने से संक्रमण का खतरा अधिक बढ़ता है, खासतौर पर टाइप 2 डाइबिटीज के मरीज जल्दी संक्रमित होते हैं. सोडे में मौजूद शुगर इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है. इम्यून सिस्टम में व्हाइट ब्लड सेल्स होते हैं जो संक्रमण से लड़ने में मदद करता है. इन्हें किलर ब्लड सेल्स भी कहा जाता है. बीमारियों से बचने के लिए टाइप -2 डायबिटीज के मरीजों को सोडे का सेवन नहीं करना चाहिए.
- **टाइप -2 डायबिटीज को बढ़ाता है-** रोजाना सोडा पीने से टाइप -2 डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है. रोजाना चीनी वाली चीजें पीने से इंसुलिन बढ़ता है. इससे टाइप -2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है. टाइप -2 डायबिटीज के खतरे को कम करने के लिए अनसैचुरेटेड फैट और सोडा का सेवन कम करें.
- **सूजन बढ़ाता है-** सोडा सिर्फ शरीर में सूजन ही नहीं बल्कि आपकी इम्यून सिस्टम को भी प्रभावित करता है. इसके अलावा जानलेवा बीमारियों के खतरें को बढ़ाता है. स्टडी में पाया गया कि जो लोग रोजाना सोडा पीते हैं उनके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक होती है, जो सूजन को बढ़ावा देता है.

आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार विस्तार को लेकर नई योजनाएं अमल में आएंगी, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से मन व्यग्र रहेगा।

वृषभः- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। व्यापार विस्तार की योजनाएं बना सकता हैं।

मिथुनः- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना रहेगी और आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक प्रवृत्तियां दिनभर चलती रहेंगी।

कर्कः- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां सफल होंगी और कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश लाभदायक रहेगा।

सिंहः- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और कार्यों में सफलता मिलने से धन लाभ की स्थिति रहेगी।

कन्याः- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

तुलाः- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी। धार्मिक और आध्यामित गतिविधियों के प्रति रुझान बढ़ेगा।

वृश्चिकः- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में अनिर्णय की स्थिति रहेगी। जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें, अन्यथा बड़ा नुकसान होने की संभावना रहेगी।

धनुः- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की भी अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

मकरः- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां सफल होंगी और कार्यक्षेत्र में आनंद का वातावरण छाया रहेगा। कार्यों में सफलता मिलने से धनलाभ की स्थिति रहेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कुम्भः- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बनाएंगे और उनमें सफलता भी मिलेगी।

मीनः- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों और सहकर्मियों की मदद से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

अमृता राव ने शुरू किया काम

फिल्म विवाह से सुर्खियां बटोरने वाली अमृता राव को भला कौन नहीं जानता। उन्होंने कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करायी है। भले ही शादी के बंधन में बंधने के बाद अमृता की फिल्मों में सक्रियता कम हुई। इसके बावजूद दर्शकों के दिलों पर वह अभी भी राज करती हैं। अमृता ने पिछले साल एक बेटे को जन्म दिया था। अब उन्होंने अपनी डिलीवरी के सात महीने बाद एक कमर्शियल प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू की है।

अमृता अब अपना फोकस करियर पर देना चाहती हैं। खबरों की मानें तो इस कमर्शियल प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान काफी एहतियात बरता गया था। मेकर्स ने काफी कम क्रू-मेंबर्स के साथ विज्ञापन को शूट करने का निर्णय लिया था। अमृता ने इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पांच क्रूं-मेंबर्स की मौजूदगी में की है। यह अमृता के लिए काफी रोमांचकारी अनुभव रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान पूरी यूनिट ओटीटी किट में थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन पांच सदस्यों वाली क्रू-मेंबर्स का कोरोना वायरस टेस्ट करवाया गया था और सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही इस प्रोजेक्ट को फिल्माया गया है। अमृता ने 1 नवंबर, 2020 को पैदा हुए अपने बेटे का नाम वीर रखा है। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने बेटे के नाम का खुलासा किया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, हेलो वर्ल्ड..हमारे बेटे वीर से मिलिए। आप सभी लोगों का आशीर्वाद चाहिए।

करीना कपूर खान के बॉयकॉट की उठी मांग

करीना कपूर खान को लेकर लोग गुस्से में हैं. ट्विटर पर करीना कपूर खान को बॉयकॉट करने की मांग उठी है. अब करीना को बॉयकॉट की मांग क्यों उठ रही है इसकी वजह है हाल ही में आई उनसे जुड़ी एक खबर. दरअसल, कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि करीना कपूर ने सीता का किरदार निभाने के लिए 12 करोड़ रुपये की मांग की है.

अब इस खबर को पढ़ने के बाद यूजर्स काफी गुस्से में हैं और वे इस खबर के स्क्रीनशॉट्स को शेयर करते हुए करीना को बॉयकॉट की मांग कर रहे हैं. यूजर्स कमेंट कर रहे हैं कि करीना को अब सीता का किरदार नहीं निभाना चाहिए. ट्विटर पर हैशटैग बॉयकॉट करीना कपूर खान ट्रेंड हो रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के राइटर के वी विजेंद्र प्रसाद ने इन खबरों पर अपना रिएक्शन दिया था. उन्होंने इस खबर को गलत बताया था. उन्होंने कहा था कि करीना को फिल्म ऑफर नहीं हुई है.

किसी भी मौसम में खाया जा सकता है कैजुन पोटैटो

चाय की चुस्कियां लेते-लेते कैजुन पोटैटो जैसा टेस्टी स्नैक्स मिल जाए तो मज़े ही क्या! इसे आपने रेस्तरां में तो जरूर ही ऑर्डर किया होगा लेकिन इसे घर पर बनाएं आसान तरीके से।

सामग्री :

20 बेबी पोटैटोज़, 1/4 कप कॉर्नफ्लोर, जरूरत भर पानी, 3 टेबलस्पून बारीक कटा प्याज, 2 टेबलस्पून बारीक कटा ताजा धनिया, तेल

सॉस बनाने की सामग्री- 1/2 कप मेयोनीज़, 1 टेबलस्पून पैपरिका पाउडर, 1 टीस्पून ऑरगेनो, 1 टीस्पून पार्सले, 2 गार्लिक पाउडर, 1/2 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून ड्राइड थाइम

विधि :

आलू को दो सीटी आने तक उबालें। छिलके सहित आलुओं को हथेली से चपटा करें जिससे वह अंदर तक क्रिस्पी हो सके। अब कॉर्नफ्लोर से कोटिंग करें। इन्हें तलकर प्लेट पर निकालें। ऊपर से प्याज, धनिया डालें। बोल में सॉस की सारी सामग्री लेकर मिलाएं। गर्मागर्म सर्व करें।

शेफ टिप्स- कैजुन पोटैटो पर ऊपर से पार्सले और गरम मसाला जरूर छिड़कें। इससे जायका बढ़ जाएगा। हेल्थ कॉन्शयस लोग आलू की जगह स्वीट पोटैटो या अरबी के साथ भी इस डिश को ट्राई कर सकते हैं। इस पर मेयोनीज़ और केचअप को मिलाकर डिप तैयार करें। इस डिप के साथ ही परोसें।

मजा हो जाएगा दोगुना- ध्यान रखें कि इसे शैलो फ्राई या एयर फ्रायर भी किया जा सकता है, लेकिन इसका असली मज़ा डीप फ्राई करके ही आएगा। इस पर ऊपर से काली मिर्च पाउडर छिड़कना न भूलें।

शब्द सामर्थ्य- 109

बाएं से दाएं

1. टुड्डी पर के बाल, टुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 108 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्ब			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

सू-दोकू- 109

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.108 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7